प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 09.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान कियें विज्ञान भवन में हुए इस समारोह में वर्ष 2023–24 के लिए चयनित कुशल शिल्पकारों को पुरस्कृत किया गयां केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा भी इस समारोह में शामिल हुएं अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि हस्तशिल्प से देश की समृद्ध विरासत का पता चलता हैं हर साल 8 दिसम्बर से मनाये जाने वाले हस्तशिल्प सप्ताह से लोगों को कारीगरों के हुनर की जानकारी मिलती हैं साथ ही नई पीढ़ी को कला से जुडने का अवसर मिलता हैं

0000

संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा की जा रही हैं वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा हो रही हैं इससे पहले नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा दो दिन चलेगीं

0000

जयपुर स्थित जेईसीसी में कल पहला 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' समारोह आयोजित किया जा रहा हैं राज्य में निवेश बढाने और प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने के लिए ये आयोजन किया जा रहा हैं इसमें एक लाख करोड़ रूपये के नये 421 निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाया जायेगां इसके साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के बाद जमीन पर आई परियोजनाओं का कुल मूल्य 8 लाख करोड रूपये हो जायेगां समारोह में आठ विशेष सत्र रखे गये हैं इसमें उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संसाधन, पर्यटन और खनन क्षेत्र शामिल हैं उद्‌घाटन सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और कौशल विकास तथा उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी समारोह में शामिल होंगें इसके साथ ही देश–विदेश के दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहेंगें उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालो को प्रवासी राजस्थानी सम्मान प्रदान किया जायेगां राजस्थान की विकास कार्यो की प्रदर्शनी प्रगति पथ लगाई गई हैं साथ ही उद्‌घाटन सत्र में प्रवासियों से जुडाव पर फिल्म भी दिखाई जायेगीं

0000

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आज भी जन सुनवाई की जा रही हैं कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा और मंत्री ओटाराम देवासी ये सुनवाई कर रहे हैं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरिता गेना और महामंत्री श्रवण सिंह बगडी भी इसमें मौजूद हैं यहां प्रदेशभर से आये कार्यकर्ताओं और लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं

0000

अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघो की गिनती शुरू हो गई हैं राज्य सरकार के निर्देश पर बाघों के साथ इस बार तेंदुओं की भी गणना की जायेगीं डेढ़ सौ से अधिक वनकर्मियों और वॉलेन्टियर्स को इसके लिए तैनात किया गया हैं ये गणना पूरी तरह पेपरलेस होगीं इनमें बाघ के पगमार्क और कैमरा फुटेज भी जुटाये जायेंगें ऐसा अनुमान है कि अभ्यारण्य में बाघों की संख्या काफी बढ गई हैं फिलहाल यहां 50 बाघ होने की उम्मीद हैं साल 2022 की गणना में यहां 19 बाघ मिले थें

0000

भरतपुर में बाल श्रमिकों का पता लगाने के लिये सर्वे करवाया जायेगां जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बाल श्रमिक टास्क फोर्स की बैठक में कहा कि इसके लिए सभी निजी निर्माण स्थलों, होटलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और अन्य संस्थानों में ये सर्वे होगां उन्होंने कहा कि बाल श्रम दंडनीय अपराध है और इसे रोकने के लिए सख्त कार्यवाही की जायेगीं

0000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आईपीएल क्रिकेट 2026 की नीलामी के लिए खिलाड़ियों की अंतिम सूची जारी कर दी हैं नीलामी के लिए पंजीकृत एक हजार 390 में से साढे तीन सौ खिलाड़ियों को छांटा गया हैं इनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं

नीलामी के लिए सबसे अधिक आधार मूल्य 2 करोड़ रूपये रखा गया है और 40 खिलाड़ियों ने इस श्रेणी में खुद को रखा हैं नीलामी की प्रक्रिया 16 दिसंबर को यूएई के अबू धाबी में होगीं

0000